10/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की साइबर अपराध से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में पांच हजार साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने की योजना है। श्री शाह ने नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) के पहले स्‌थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्‌होंने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बगैर संभव नहीं है। श्री शाह ने सभी हितधारकों को इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। उन्‌होंने कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं है। विभिन्‌न क्षेत्रों में इंटरनेट के बढते उपयोग का उल्‌लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि डिजिटल लेनदेन और डिजिटल आंकडों के इस्‌तेमाल देश में दिन प्रतिदिन बढ रहे हैं। इस कारण साइबर सुरक्षा से जुडे लोगों की जिम्‌मेदारियां बढ गई हैं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्‌वारा घुसपैठ की खबरों के बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अनिर्धारित स्थानों पर केवल निशान लगाने का मतलब यह नहीं है कि क्षेत्रों पर अतिक्रमण किया गया है। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर अनिर्धारित क्षेत्रों में भारतीय और चीनी सेना द्‌वारा ओवरलैपिंग गश्त होती है।

केंद्रीय मंत्री की टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है जिनमें कहा गया है कि पीएलए ने पिछले हफ्ते अरुणाचल के anjaw जिले में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया और वे कुछ समय से जिले के कपापु इलाके में डेरा डाले हुए थे। रिपोर्टों में कहा गया है कि स्थल पर अलाव, चट्टानों की पेंटिंग और चीनी खाद्य सामग्री की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है और यह जारी रहेगा और भारत किसी को भी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास नहीं आने देगा।

0000000000000000000

वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में कल वस्तु और सेवा कर परिषद की 54वीं बैठक में यह निर्णय किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल हुए। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर कम करने का उद्देश्य इस रोग के उपचार में आने वाले खर्च को कम करना है।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने विश्वविद्यालयों और संस्थानों को मिलने वाले शोध अनुदान को जीएसटी के दायरे से बाहर रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि शोध अनुदान की प्रकृति को सब्सिडी के रूप में माना जा सकता है, क्योंकि इसका व्यापक प्रभाव जनता के कल्याण और लाभ पर पड़ता है ।

उपमुख्यमंत्री ने यह बात सोमवार को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की सह-अध्यक्षता में हुई 54वीं जीएसटी परिषद की बैठक में भाग लेते हुए कही।

00000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने सोमवार को तेजू में कॉलेज परिसर में पूर्व शिक्षा मंत्री और इंदिरा गांधी सरकारी कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय खाप्रिसो क्रोंग की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर मंत्री ने लोहित जिले और पूरे अरुणाचल प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में स्वर्गीय क्रॉन्ग के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के लोगों को फाम खो सोवाई के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। श्री खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में बुगुन जनजाति को फाम खो सोवाई के खुशी के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कामना की कि यह फसल कटाई का त्योहार हमारे जीवन मे समृद्धि, खुशी और हमारे बीच भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत करेगा। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी इस अवसर पर बुगुन समुदाय को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

00000000000000000000

सोमवार को राजधानी ईटानगर के जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिलाउपायुक्त और अध्यक्ष तालो पोतोम की देखरेख में आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कुल 52 युवाओं ने सामुदायिक स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, जिलाउपायुक्त ने कहा की समुदाय-आधारित स्वयंसेवक आपदाओं के दौरान स्थानीय निवासियों और छात्रों को तेज़ी और आत्मविश्वास से कार्य करने, जीवन बचाने और क्षति को कम करने में सशक्त करेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय याजली को सोमवार को नई दिल्ली में 63वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मिंगकेन क्रिश्चियन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेघालय के हाथों 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। अरुणाचल की टीम अपने पिछले सभी मैचों में अपराजित रही थी। टीम ने शुरुआती मैच में गत विजेता झारखंड को 2-1 से, दूसरे मैच में लक्षद्वीप को 2-0 से हराया था और तीसरे ग्रुप मैच में गोवा के साथ 1-1 से ड्रा रहा था। टीम ने पिछले शनिवार को एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल में लॉर्ड कृष्णा एसएसएस, हरियाणा को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

00000000000000000000